हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 5 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 कबाड़ी की दुकान पर मिला खतरनाक...



09 सिरोंज का ऐतिहासिक कोर्ट गेट जर्जर...



खबर संक्षेप

अंतिम मतदाता सूची जारी, नामांकन आज से

विदिशा। सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के द्विवर्षीय अध्यक्ष पद के निर्वाचन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को दोपहर 12 बजे अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एड संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि आज 5 अगस्त को दोपहर 12 बजे से अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फॉर्म वितरित किए जाएंगे। इसी दिन शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जा सकेंगे। निर्धारित समय के बाद किसी भी स्थिति में नामांकन स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई जाएगी।

मालदेव राणा जयंती पर किया पौधरोपण



विदिशा। बापू मालदेव राणा की जयंती बापू मालदेव राणा मेहर-मेर समाज छात्रावास हरिपुरा में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष मोहन सिंह मेहरा ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बापू मालदेव राणा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। छात्रावास परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में रामप्रसाद मकवाना, सीताराम मेहर, तोरण सिंह मेहर, दौलत सिंह मेहरा, शैतान सिंह मेहर, मनोज पवार, संतोष मेहर, वीरसिंह, विनोद मेहर, बब्ली मेहर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कथा में गुरु-शिष्य परंपरा का बताया महत्व



विदिशा। विनायक बैंक्विट हॉल में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित संतोष शास्त्री ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत का प्रथम अध्याय श्रोता और वक्ता के अधिकारी होने का प्रमाण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि वक्ता को कभी ज्ञान का अभिमान नहीं करना चाहिए, बल्कि स्वयं को भगवान की बांसुरी की तरह समर्पित कर देना चाहिए। गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व बताते हुए कहा कि पहले योग्य शिष्य बनना आवश्यक है, तब गुरु स्वयं मार्गदर्शन के लिए आते हैं।

जिले की सभी परियोजनाओं में सत्यापन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही

21वें वर्ष में कदम रख रहीं 1781 लाड़ली लक्ष्मी के खातों में पहुंचेंगे 1 लाख रुपए

लाड़ली लक्ष्मी योजना वर्ष 2006 में प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लाड़ली लक्ष्मी योजना में जन्म से 21 वर्ष तक मिलते हैं 1.43 लाख

लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत जन्म से लेकर 21 वर्ष की आयु तक विभिन्न चरणों में कुल 1 लाख 43 हजार रुपये दिये जाएंगे। कक्षा 6वीं में 2 हजार, 9वीं में 4 हजार, 11वीं एवं 12वीं में 6- 6 हजार की छात्रवृत्ति, स्नातक प्रथम एवं अंतिम वर्ष में 12,500-12,500 रुपए की प्रोत्साहन राशि तथा अंतिम चरण में 1 लाख की एकमुश्त सहायता प्रदान की जाती है।



जिले की 1781 लाड़ली लक्ष्मियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। वर्ष 2006-07 में लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रथम वर्ष में पंजीकृत बालिकाएं अब 21वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही हैं। योजना की सभी निर्धारित शर्तें पूरी करने वाली पात्र बेटियों के बैंक खातों में जल्द ही एकमुश्त एक लाख की प्रोत्साहन राशि अंतरित की जाएगी। इसको लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिलेभर में सत्यापन अभियान शुरू कर दिया है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले की सभी परियोजनाओं में सत्यापन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक पात्र बालिका तक योजना का लाभ समय पर पहुंचे और निर्धारित समय-सीमा में सभी प्रकरणों का सत्यापन पूरा किया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें लगातार मॉनिटरिंग करते हुए घर-घर पहुंचकर दस्तावेजों का परीक्षण कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले की सभी परियोजनाओं में पात्र बालिकाओं के अभिलेखों का सूक्ष्म सत्यापन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसवा के निर्देशन में परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक और मैदानी अमला पूरी सक्रियता के साथ अभियान चला रहा है। विभाग द्वारा तैयार सूची के आधार पर प्रत्येक बालिका के दस्तावेजों की जांच कर जानकारी पोर्टल पर अपडेट की जा रही है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना वर्ष 2006 में प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। विदिशा जिले में योजना के प्रथम वर्ष 1781 बालिकाओं का पंजीयन हुआ था। ये सभी बालिकाएं वर्ष 2027-28 में 21 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगी। योजना के तहत पात्रता पूरी करने पर उन्हें अंतिम चरण में एक लाख रुपये की राशि सीधे बैंक खाते में मिलेगी।

बेटियों को आत्म निर्भर बनाना था योजना का लक्ष्य

लाड़ली लक्ष्मी योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि बालिका जन्म को प्रोत्साहन, शिक्षा को बढ़ावा, बाल विवाह पर रोक और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। वर्षों से यह योजना हजारों परिवारों की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला साबित हो रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी पात्र बालिकाओं और उनके अभिभावकों से अपील की है कि सत्यापन दल को आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराएं तथा बैंक खाता, आधार और समग्र आईडी की जानकारी अद्यतन रखें, ताकि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। सत्यापन पूरा होते ही पात्र बेटियों के खातों में एक लाख रुपये की राशि अंतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

इन दस्तावेजों का हो रहा सत्यापन

- आधार कार्ड
- समग्र आईडी
- बैंक खाते का विवरण
- कक्षा 12वीं की अंकसूची
- विवाह संबंधी जानकारी
- अन्य आवश्यक अभिलेख

इन शर्तों पर 1 लाख

- 18 वर्ष से पहले विवाह नहीं हुआ हो।
- कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य।
- विभागीय सत्यापन में पात्र पाए जाने पर 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद बैंक खाते में सीधे 1 लाख की राशि अंतरित होगी।

पटवारी संघ की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी, जिलेभर में ठप पड़े राजस्व कार्य

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 12 तहसीलों के पटवारी आंदोलन पर, किसानों व आमजन के कार्य प्रभावित



विदिशा। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए पटवारी संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र पटवारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले में पटवारियों की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। संघ के जिला अध्यक्ष मनोज बघेल ने बताया कि विदिशा जिले की सभी 12 तहसीलों के पटवारी 100 प्रतिशत संख्या में हड़ताल पर हैं। इसके चलते तहसीलों में पटवारियों से जुड़े सभी राजस्व कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं।

उन्होंने बताया कि हड़ताल के कारण किसानों एवं आम हितग्राहियों के नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रास्ता विवाद, भूमि विवाद तथा अन्य राजस्व प्रकरणों में न तो पटवारी जांच हो रही है और न ही प्रतिवेदन एवं पंचनामा तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा जाति प्रमाण-पत्र तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) प्रमाण-पत्र के लिए आवश्यक पटवारी प्रतिवेदन भी जारी नहीं हो पा रहे हैं। संघ के अनुसार वर्तमान में चल रहे जनगणना कार्य के तहत गांवों की जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से अपलोड करने का कार्य भी प्रभावित हुआ है। भारत सरकार की लघु सिंचाई संगणना से जुड़े कार्य भी हड़ताल के कारण बंद पड़े हैं। जिला अध्यक्ष मनोज बघेल ने कहा कि मांगों के निराकरण तक आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल के चलते जिले में राजस्व विभाग के अधिकांश कार्य ठप होने से किसानों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अच्छी खबर: अब सीमांकन के हर प्रकरण की समय-सीमा होगी दर्ज

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर आवेदन, सीमांकन और रिपोर्ट जारी होने की तिथियां दर्ज करना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में सीमांकन संबंधी प्रकरणों के त्वरित, पारदर्शी और जवाबदेह निस्तारण के लिए जिला प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू की है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में किए गए इस नवाचार के तहत अब प्रत्येक सीमांकन प्रकरण की पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के साथ दर्ज की जाएगी, जिससे कार्यों की प्रभावी निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। नई व्यवस्था के अनुसार जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि सीमांकन संबंधी सीएम हेल्पलाइन के प्रत्येक जवाब में तीन महत्वपूर्ण जानकारियां अनिवार्य रूप से अंकित करें। इनमें सीमांकन आवेदन प्राप्त होने की तिथि, सीमांकन कार्य संपन्न किए जाने की तिथि तथा सीमांकन पुष्टि रिपोर्ट जारी करने की तिथि शामिल रहेगी। जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से प्रत्येक प्रकरण का स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा, जिससे कार्य की प्रगति पर नियमित निगरानी रखी जा सकेगी। साथ ही शिकायतों के निराकरण में पारदर्शिता बढ़ेगी और अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जा सकेगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नई व्यवस्था का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए सीमांकन संबंधी सभी प्रकरणों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को बेहतर राजस्व सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

एलएलबी के 7वें सेमेस्टर में कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम में सोनम बक्सी प्रथम, मेधावी विद्यार्थियों ने बढ़ाया कॉलेज का गौरव



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय द्वारा घोषित एलएलबी के 7वें सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में कुशाभाऊ ठाकरे लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणाम में सोनम बक्सी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। जावेद हसमद द्वितीय, आकाश जाटव तृतीय, सुषमा नामदेव चतुर्थ तथा दिव्या चौधरी ने पंचम स्थान प्राप्त कर सफलता अर्जित की। इस अवसर पर कॉलेज के संचालक आनंद शरण, प्राचार्य डॉ. नीलम पौराणिक एवं समस्त प्राध्यापकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और महाविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी संस्थान के विद्यार्थी न्यायिक सेवाओं, अधिवक्ता व्यवसाय तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय, विदिशा जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

रुतबा दिखाने को लगाए हूटर, कार्रवाई में पकड़ा गए, पुलिस ने बनाए चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में वाहनों पर अवैध हूटर, काली फिल्म और नंबर प्लेट पर पद व रुतबे का उल्लेख करने वालों के खिलाफ मंगलवार को पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया।

विवेकानंद चौराहे पर कोतवाली एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से चारपहिया वाहनों की सघन जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे। विशेष रूप से हूटर लगे वाहनों की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान कई वाहन चालक फोन लगाकर बचाव की कोशिश करते नजर आए, लेकिन पुलिस ने नियमों के अनुसार कार्रवाई जारी रखी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी।



विदिशा। हूटर और काली फिल्म लगे वाहनों पर कार्रवाई करता हुआ अमला।

पत्नी की गला घोंटकर हत्या, पति गिरफ्तार

विदिशा। शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लखार में विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पति को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। जांच में आत्महत्या की कहानी झूठी साबित हुई। 1 अगस्त को सिद्दीक खां ने सूचना दी थी कि उसकी 23 वर्षीय पत्नी खुशबून खातून ने आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस, एफएसएल टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए तथा पोस्टमार्टम कराया। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत गला घोंटने से होना सामने आया। आरोपी पति सिद्दीक खां को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

गहोई समाज ने किया साहित्यिक आयोजन

गुलाबगंज। राष्ट्रकवि पद्म विभूषण मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती पर गहोई समाज गुलाबगंज द्वारा श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं गहोई गान से हुई। वक्ताओं ने गुप्त जी के साहित्य, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक सुधार और महिला उत्थान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष राजेंद्र सेठ ने उनके जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए रचनाओं का वाचन किया, जबकि प्रकाश गुप्ता व ओंकार प्रसाद खेरा ने समाज संगठन और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सचिव दीपक गुप्ता ने व्यक्त किया। अंत में युवा मंडल अध्यक्ष राजा सेठ की ओर से नाश्ते की व्यवस्था की गई।



साकेत एमजीएम में बाल विज्ञान प्रदर्शनी, नन्हे वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

विदिशा। बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों ने अपने हाथों से तैयार किए गए आकर्षक विज्ञान मॉडल प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने सोलर सिस्टम, वाटर हार्वेस्टिंग, स्वच्छता मॉडल, ट्रैफिक लाइट, पवन चक्की, मंगलयान, चंद्रयान तथा रीसाइकल सामग्री से बने खिलौनों का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि एसएटीआई से सेवानिवृत्त एप्लाइड केमिस्ट्री विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. रुद्र नारायण शुक्ला ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि छोटी उम्र से विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना आवश्यक है। ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता और जिज्ञासा को बढ़ावा देते हैं। विद्यालय के संचालक ने विज्ञान को अवलोकन, प्रयोग और तर्क पर आधारित व्यवस्थित ज्ञान बताया। प्राचार्य डॉ. जीडी पाटिल ने सभी प्रतिभागियों की सराहना कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



सेपियंट स्कूल के 400 छात्रों को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज. विदिशा। जिला सेनानी होमगार्ड मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में एसडीईआरएफ टीम ने सेपियंट पब्लिक स्कूल बंटी नगर में आपदा प्रबंधन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कंपनी कमांडर देवीसिंह परते के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में लगभग 400 छात्र-छात्राओं और स्कूल स्टाफ को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से बचाव की जानकारी दी गई। एसडीईआरएफ सैनिक सौरभ पचौरी ने बाढ़ से बचाव, स्थानीय संसाधनों से बचाव उपकरण तैयार करने, सीपीआर, अग्नि दुर्घटना और सर्पदंश की स्थिति में प्राथमिक उपचार का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों को 'सचेत' और 'दामिनी' मोबाइल ऐप डाउनलोड कराकर उनके उपयोग की जानकारी भी दी गई। विद्यालय प्रबंधन ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए एसडीईआरएफ टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सैनिक राहुल वैष्णव, गौरव रघुवंशी, देवेंद्र किलोरिया एवं किशोर शिल्पकार भी उपस्थित रहे।

पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद जैसे मामलों का हुआ निपटारा

आमजन की समस्याओं पर गंभीर दिखे एसपी जनसुनवाई में 30 शिकायतों का किया निराकरण

एसपी काशवानी ने कहा प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एसपी रोहित काशवानी ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 30 से अधिक शिकायतों का निराकरण किया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को निष्पक्ष, प्रभावी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में पारिवारिक विवाद, भूमि संबंधी प्रकरण, मारपीट, आपसी विवाद सहित अन्य विभिन्न मामलों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। जिन शिकायतों का तत्काल समाधान संभव था, उनका मौके पर ही निराकरण कराया गया। वहीं जिन मामलों में विस्तृत जांच की आवश्यकता थी, उनमें संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में निष्पक्ष जांच पूरी कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ सम्मानजनक, संवेदनशील और पारदर्शी व्यवहार किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक आवेदन का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी शिकायत को अनावश्यक लंबित न रखा जाए। एसपी ने कहा कि साप्ताहिक जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम है। इससे नागरिकों और पुलिस के बीच विश्वास एवं संवाद मजबूत होता है तथा लोगों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनती है। उन्होंने दोहराया कि विदिशा पुलिस सुरक्षा, सेवा और विश्वासस्त्र के मूलमंत्र के साथ जनहितैषी, जवाबदेह और पारदर्शी पुलिसिंग के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।



विदिशा। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए विदिशा एसपी।

लटेरी में आज सुबह 10 से शाम 5 गुल रहेगी बिजली

लटेरी। 11केवी लटेरी पॉलीटेक्निक एवं टीएचकेयू फीडरों पर मिड स्पान पोल और विद्युत तार बदलने के कार्य के चलते आज बुधवार को लटेरी शहर और संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। कार्य की प्रगति के अनुसार बिजली बंद रहने की अवधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है। विभाग ने उपभोक्ताओं से समय रहते आवश्यक कार्य निपटाने की अपील की है।

9 को सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला होगी

विदिशा। गांधी स्मृति मंच एवं सर्वोदय मंडल विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में 9 अगस्त को सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला आयोजित होगी। सुबह 11 बजे मां हॉस्पिटल श्रीरामनगर में आचार्य डॉ. योगेन्द्र याज्ञिक महर्षि दयानंद सरस्वती और आर्य समाज-एक विश्लेषण विषय पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर एवं विचार-विमर्श भी होगा।

बासौदा मंडी भाव

सरसों
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-7771
तुअर
न्यूनतम भाव-4501
उच्चतम भाव-4501
गेंहू
न्यूनतम भाव-2225
उच्चतम भाव-5110
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-9160
धान
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-4300
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-7330
चना
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-6365
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2850
उच्चतम भाव-3105
उड़द
न्यूनतम भाव-5390
उच्चतम भाव-7140
मूंग
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7711
धनिया
न्यूनतम भाव-14500
उच्चतम भाव-14500

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 5637.5 बोरों उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

चोरी गई बाइकें, एक माह बाद भी नहीं मिली



गंजबासौदा। शादी समारोह के दौरान हुई दो अलग-अलग मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं का एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है। दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद न तो चोरी गई बाइक बरामद हुई हैं और न ही चोरों का पता चल पाया है। पहली घटना पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारी अशोक जैन की हीरो सुपर स्प्लेंडर एमपी-40-जेडबी-7945 रघुवंशी धर्मशाला के गेट के बाहर से चोरी हो गई थी। तलाश के बाद जब गाड़ी नहीं मिली तो उसकी रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराई। वहीं दूसरी घटना में मेवली निवासी गोलू नामदेव की मोटरसाइकिल एमपी-40-एमबी-6706 मूलीबाई मेहता धर्मशाला से चोरी हो गई। गोलू नामदेव भी अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोर उनकी बाइक लेकर फरार हो गए। दोनों वारदातों को एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक पुलिस किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है।

कालोनी वासियों ने सुविधाओं की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर के बैदनखेडी क्षेत्र में कॉलोनाइजर द्वारा विकसित की गई कॉलोनी के रहवासियों ने मंगलवार को एसडीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कालोनाइजर द्वारा कॉलोनी में सुविधाएं न देने की शिकायत की गई है।
रहवासियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कॉलोनाइजर ने पूर्व में सडक, बिजली, पानी, नाली सहित अन्य सुविधाओं का वादा कर प्लाट विक्रय किए थे। इन वादों पर भरोसा कर कई नागरिकों ने प्लाट लेकर घर बना लिए हैं, लेकिन अभी तक उनकी कॉलोनी में कॉलोनाइजर ने सुविधाओं उपलब्ध नहीं कराई हैं। कॉलोनाजर को उक्त संबंध में कई बार निवेदन किए जाने के बाद भी सिर्फ आश्वासन ही दिए जाते रहे, लेकिन विकास कार्य एव सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए। जिससे रहवासी परेशान हैं और उनमें आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में बताया गया है कि अब कॉलोनाइजर ने कॉलोनी में शेष बचे प्लाटों को किसी एक व्यक्ति को एकमुश्त बेंच दिया गया है। आवेदन के माध्यम से रहवासी इमरान, आजम, इदरीश खां, राजेश सोनी, अनिल, मुकेश, विशाल, हसन, हसीन खां आदि ने प्रशासन से उक्त कॉलोनाइजर को निर्देशित कर कॉलोनी में सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

बरेठ रोड, बहलोट बायपास के क्लीनिकों पर उठे गंभीर सवाल, लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

कबाड़ी की दुकान पर मिला खतरनाक बायोमेडिकल कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





शहर के बेहलोट बायपास स्थित एक कबाड़ी की दुकान के बाहर भारी मात्रा में मेडिकल कचरा मिलने से सनसनी फैल गई। कचरे में इस्तेमाल की गई सिरिंज, खून से सनी बोतलें और सुइयां शामिल थीं। पूछताछ में कबाडी ने बताया कि उसे यह मेडीकल वेस्ट बरेठ एवं आसपास के क्लीनिक संचालकों द्वारा बेंचा गया है।
यहां उल्लेखनीय है कि नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बडे पैमाने पर बिना पंजीयन के और अवैध रूप से क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं। इन क्लीनिक पर फर्जी चिकित्सक मरीजों को इंजेक्शन, बोतल आदि लगाते हैं और इस कचरे को बिना सुरक्षा एवं बिना सावधानी के ही या तो खुले में फेंक देते हैं या फिर कबाडे का काम करने वालों को बेच देते हैं।
मंगलवार को भी ऐसा ही एक मामला सामने आया। बैहलोट रोड पर स्थित एक कबाडी की दुकान के बाहर एक कबाडा खरीदने वाला युवक कबाडे को छांट रहा था। जिसमें बडी संख्या में इस्तेमाल की गई ग्लूकोज बोतलें, डिस्पोजेबल सिरिंज, इंजेक्शन की वायल और खून से सनी पट्टियां मिलीं। कुछ सुइयां बिना ढक्कन के खुली पड़ी थीं। कचरा बीनने वाले व्यक्ति से पूछताछ में उसने बताया कि वह बरेठ क्षेत्र के विभिन्न क्लीनिकों और छोटे क्लिनिक से यह सामान इकट्ठा कर लाया था। क्लीनिक संचालकों द्वारा उसे प्रति किलो के हिसाब से यह कचरा दिया जाता था, जिसे वह कबाड़ी को बेच देता था।
इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों में भी नाराजगी है। जागरुक नागरिकों कहना है कि खुले में पड़े इस कचरे से बच्चे और मवेशी संपर्क में आ सकते थे। नागरिकों ने मांग की है कि ब्लॉक स्तर पर सभी क्लीनिकों का ऑडिट हो और बायोमेडिकल कचरे के निस्तारण के लिए सख्त निगरानी व्यवस्था बनाई जाए। बायोमेडिकल कचरे को विक्रय न किया जाऐ, उक्त कचरे को अधिकृत एजेंसी के माध्यम से ही निस्तारित किया जाऐ।
इस संबंध में शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सलाय प्रभारी रविन्द्र चिढ़ार के अनुसार बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 के तहत अस्पतालों और क्लीनिकों के लिए यह अनिवार्य है कि वह संक्रामक कचरे को अलग कर अधिकृत एजेंसी के माध्यम से ही निस्तारित कराएं। खुले में या कबाड़ी को बेचना सीधा नियम का उल्लंघन है। इससे एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी जैसी गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा रहता है। इस तरह के बायोमेडिकल कचरे को बैचना एवं खरीदना दोनों गैर कानूनी हैं। संबंधित क्लीनिकों की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त करने तक की कार्रवाई की जा सकती है।
वहीं बीएमओ डॉ. नीलेश गुर्जर ने बताया कि बायोमेडिकल वेस्ट को अलग-अलग रंग के डिब्बों में रखना अनिवार्य है। अगर कोई क्लीनिक संचालक मेडिकल वेस्ट को खुले में फेंकता पाया गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

राजपूत समाज ने किया नागरिक अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति के तत्वावधान में क्षेत्र के राजपूत सरदारों ने भोपाल पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी का भव्य आभार व अभिनंदन किया। यह अभिनंदन राजपूत समाज को सामुदायिक भवन निर्माण हेतु केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सांसद निधि से तथा क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा विधायक निधि से राशि स्वीकृत कराने के उपलक्ष्य में किया गया।
खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन के नेतृत्व में समाजजनों ने भोपाल पहुंचकर केंद्रीय कृषि मंत्री का साफा बांधकर शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ, अभिनंदन पत्र भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। साथ ही क्षेत्रीय विकास व समाज कल्याण में बहुमूल्य योगदान देने पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी का भी प्रशस्ति पत्र सौंपकर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राजपूत समाज के अध्यक्ष ठाकुर प्रवीण प्रताप सिंह जादौन, महासचिव प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष चंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, जगदीप सिंह, अमान सिंह, सीबी सिंह, विनोद राठौर, मुकेश सिंह, जगदीश सिंह, किशोर सिंह सिसोदिया, शैलेंद्र राठौड़, रूपसिंह, अखिलेश सिंह, निरंजन सिंह, किशोर भदौरिया, सतनाम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, वीर बहादुर सिंह, राजपाल सिंह, जितेंद्र राजपूत आटासेमर, संतोष सिंह, राजवीर सिंह, बहादुर सिंह, प्रेम सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

पांच मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ में एक कंपनी द्वारा वर्ष 2024-25 में 90% से अधिक अंक अर्जित करने वाले ऐसे विद्यार्थियों को जो ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं, उनको टैबलेट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके लिए कंपनी द्वारा ऑनलाइन आवेदन मंगवाये गए थे। कक्षा 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर टेबलेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में उमाकांत तिवारी, सत्यम शर्मा और राजवीर राजपूत तथा कक्षा 12 उत्तीर्ण विद्यार्थियों में ज्योति राजपूत और कशिश रघुवंशी के नाम सम्मिलित हैं। उपर्युक्त पांचो विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा टैबलेट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी हरसू पांडेय और रामकदम धाकड़ विद्यालय में उपस्थित थे। इस अवसर पर नवांकुर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाऐं प्रदान की हैं।

रक्त सेवा समिति ने लगाया शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार को ग्राम त्योंदा में रक्त सेवा समिति के तत्वावधान में निःशुल्क रक्त समूह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 119 लोगों ने अपना रक्त समूह परीक्षण कराया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व केंद्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य व रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, रक्त सेवा समिति के विदिशा जिला नगर व ग्रामीण सेक्टर प्रमुख राजेन्द्र सिंह गौर, शिविर प्रभारी सुनील अहिरवार, रक्त सेवा समिति के सेक्टर त्योंदा संयोजक संजू कुशवाहा, समिति सदस्य रविशंकर लोहिया, जगपाल लोधी, सुनील अहिरवार सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

महिला महापरिषद ने मनाया हरियाली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद जिला महिला विंग के तत्वावधान में हरियाली महोत्सव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण का प्रेरक संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में जिले भर से पहुंचीं करीब 90 महिलाओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया, वहीं जरूरतमंद महिलाओं की सहायता कर सेवा और संवेदनशीलता क संदेश भी दिया। नगर से भी महापरिषद की कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी महिलाओं ने पौधारोपण के कार्यक्रम में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए संकल्प लिया। उपस्थित अतिथियों एवं महिला सदस्यों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। विचार गोष्ठी में समाज सुधार, महिला नेतृत्व, शिक्षा, संस्कार और प्रकृति संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। महिलाओं ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज में समरसता और सहयोग की भावना विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिया संदीप रघुवंशी ने की। सेवा कार्य के अंतर्गत जरूरतमंद वृद्ध महिलाओं को साड़ियां वितरित की गईं तथा सभी विवाहित महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रिंकी कमल रघुवंशी ने कहा कि वृक्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे अमूल्य धरोहर हैं। ज्योति कपिल रघुवंशी ने महिलाओं से सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, सरिता रघुवंशी, पार्वती रघुवंशी, तृप्ति रघुवंशी, संगीता रघुवंशी आदि मौजूद थीं।

चेतना सेवा समिति की बैठक आयोजित

गंजबासौदा। चेतना सेवा समिति के द्वारा पूर्व विधायक निशंक जैन के कार्यालय पर समिति के अध्यक्ष कंछेदी लाल जैन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से लॉक डाउन के समय जो स्वास्थ्य सेवाएं बंद हो गई थी उन स्वास्थ्य सेवाओं को पुनः चालू करने के लिए सभी ने सहृदय स्वीकृति दी। चेतना सेवा समिति के द्वारा 10 अगस्त से प्रातः 8:30 बजे से 10 बजे तक प्रत्येक सोमवार से शनिवार तक सेवाएं प्रदान की जाएगी। जिसमें शहर के जाने-माने वरिष्ठ चिकित्सक भी चिकित्सालय पर अपनी निशुल्क सेवाएं पाराशरी नदी के पास पुराने स्थान पर ही प्रदान करेंगे और समिति द्वारा दवाइयां भी निशुल्क दी जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि जब चेतना सेवा समिति शुरू हुई थी तब लगभग 6 साल में 50000 से अधिक मरीजों की ओपीडी कर निशुल्क दवाइयां दी गई थी, फिर लॉक डाउन के कारण यह सेवाएं रुक गई थी जो पुनः सभी के सहयोग से प्रारंभ की जा रही हैं। बैठक में समिति अध्यक्ष कंछेदी लाल, जैन सचिव डॉक्टर आरसी शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. विमल चन्द ओसवाल, सदस्य सत्यपाल तनवानी, मेहरबान सिंह राजपूत, गंगाराम शर्मा, अशोक अग्रवाल, बनारसी दास जैन, अर्जुन लाल पांचाल, डॉ. एके जैन, गणेशराम रघुवंशी, सुरेश तनवानी, हरि बाबू अग्रवाल, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, बाल कृष्ण अरोरा, दिलीप देसाई, पप्पू भाई वैसाखिया, कमल ओसवाल, राजेश नेमा, आशीष जैन, संजय जैन, डॉ. ज्ञानेंद्र तोमर, डॉ. राकेश सिंघई, वीरेंद्र जैन, सुरेश जैन सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

यक्षेश्वर अवतार के माध्यम से बताया शिव भक्ति का मार्ग

मन का मंथन किए बिना नहीं मिलता अमृत: भार्गव



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

श्रावण मास में शिव आराधना तभी सार्थक होती है, जब मन के भीतर छिपे विकारों का भी मंथन किया जाए। समुद्र मंथन केवल पुराणों की कथा नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के अंतर्मन की यात्रा है। भगवान शिव के यक्षेश्वर अवतार की कथा इसी आत्मबोध और अहंकार त्याग का संदेश देती है। यही प्रेरणा श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में आयोजित 27 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव के छठे दिवस श्रद्धालुओं को मिली। शिव कथा वाचक पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने समुद्र मंथन प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि अमृत और चौदह रत्नों की प्राप्ति के बाद देवताओं में अहंकार उत्पन्न हो गया था। उनके अभिमान का नाश करने के लिए भगवान शिव ने दिव्य यक्षेश्वर अवतार धारण किया। अग्निदेव और वायुदेव जैसे महाशक्तिशाली देवता भी उस दिव्य यक्ष के सामने अपनी सामर्थ्य सिद्ध नहीं कर सके। तब उन्हें अनुभूति हुई कि समस्त शक्ति, ज्ञान और विजय का वास्तविक आधार केवल भगवान शिव की कृपा है। इस आत्मबोध के साथ उनका अहंकार समाप्त हुआ और उन्होंने भगवान शिव से क्षमा याचना कर उनकी स्तुति की। कथा के दौरान पं. भार्गव ने समुद्र मंथन के आध्यात्मिक पक्ष को भी सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य का मन ही वास्तविक समुद्र है, जिसमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर रूपी विष भी छिपे हैं तथा प्रेम, श्रद्धा, भक्ति, करुणा, विवेक, ज्ञान और आत्मबोध रूपी अमृत भी विद्यमान है। जब मनुष्य सत्संग, जप, तप, स्वाध्याय और शिवभक्ति के माध्यम से अपने मन का मंथन करता है, तब सबसे पहले उसके भीतर के विकार बाहर आते हैं। जो साधक भगवान शिव की कृपा से इन दोषों पर विजय प्राप्त कर लेता है, उसके जीवन में शांति, ज्ञान और आनंद रूपी अमृत का उदय होता है। उन्होंने कहा कि यक्षेश्वर अवतार का संदेश है कि आत्मचिंतन, विनम्रता और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण ही सच्ची साधना है। मन का मंथन किए बिना जीवन में अमृत स्वरूप शांति और आत्मज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पार्थिव शिवलिंग निर्माण, भगवान शिव का अभिषेक, पूजन एवं महाआरती में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

बिजली प्रदाय रहा बंद

गंजबासौदा। मंगलवार को कृषि कॉलेज 11 केव्ही फीडर पर मेंटेनेंस के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहा। इस वजह से कृषि कॉलेज क्षेत्र और चौरावर गांव में विद्युत सप्लाई ठप रही। मैंटेनेंस का कार्य पूरा होते ही सप्लाई शुरू कर दी गई।

नागरिक सेवा समिति ने किया जल सेवकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



स्थानीय मूलीबाई धर्मशाला के सभागार में नागरिक सेवा समिति द्वारा जल सेवा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर संचालित निशुल्क जल सेवा में प्रतिदिन सहयोग करने वाले सेवाभावी नागरिकों का सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्टेशन अधीक्षक एसके पाल, रेलवे विद्युत प्रभारी संतोष उपाध्याय, समाजसेवी डॉ. विमलचंद ओसवाल, समिति अध्यक्ष कांतिभाई शाह, सुरेशचंद जैन, आरपीएफ उप निरीक्षक राहुल यादव, जीआरपी उप निरीक्षक महेंद्र कुमार मीणा मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा विगत 42 वर्षों से लगातार रेलवे स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा प्रदान की जा रही है भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल यात्रियों को उनकी खिड़की तक पहुंचकर जल सेवकों द्वारा शीतल जल उपलब्ध करवाया जाता है वर्तमान वर्ष की जल व्यवस्था में ओम हार्डवेयर परिवार ने अपने बुजुर्गों की स्मृति में सहयोग प्रदान किया है। कार्यक्रम में समिति के योगेश भाई शाह ने स्वागत भाषण देकर सभी का अभिनंदन किया एवं मंच द्वारा जल सेवकों आरपीएफ जीआरपी एवं रेलवे परिवार के साथ-साथ समिति को दो स्टील ट्रॉली भेंट करने वाले अशोक बाबू महलवार एवं राजेश तारण का सम्मान किया गया। अतिथियों ने समिति के सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन रवींद्र जैन ने किया एवं आभार कोमल शाह ने माना। इस अवसर पर नानजी भाई शाह, गोविंद नारायण खंडेलवाल, विनोद शाह, सुरेश ताम्रकार, हरिसिंह ठाकुर, कीर्ति ओसवाल ,गजराज सिंह रघुवंशी, दयाशंकर जायसवाल, जयेश शाह, विनीत अरोरा, हरिकृष्ण, विनोद अग्रवाल ,जितेंद्र जैन, राजकुमार मलकानी ,हार्दिक शाह, जितेन्द्र सिंह दांगी, सुनील दांगी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

सेन समाज ने की कृषि मंत्री से भेंट



गंजबासौदा। सेन समाज विकास संगठन, भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष रामरतन सेन ने सदस्यों के साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने सेन समाज के मांगलिक भवन बस स्टैंड पर निर्माण के लिए सांसद निधि से पांच लाख रुपए की राशि से सहयोग किया। जिस पर सेन समाज विकास एवं कल्याण समिति के सभी पदाधिकारियों ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित विधायक हरिसिंह रघुवंशी, खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष डॉ राकेश जादौन, जिला अध्यक्ष महाराज सिंह डाबरी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुन्नालाल सेन, लक्ष्मीनारायण सेन सहित बडी संख्या में समाज जन मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

आपकी महापौर आपके द्वार एवं चौपाल शिविर आज

सागर। महापौर संगीता तिवारी के निर्देश अनुसार आपकी महापौर आपके द्वार अंतर्गत जनचौपाल शिविर 05 अगस्त बुधवार को प्रातः 11 बजे से रामपुरा एवं इतवारी वार्ड के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु रामपुरा वार्ड स्थित यादव चक्की के पास छत्रसाल अखाड़ा परिसर में आयोजित किया गया है। नगर निगम प्रशासन ने इतवारी एवं रामपुरा वार्ड के नागरिकों से अनुरोध किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर में उपस्थित हों।

एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा हेतु अनिल पारे पर्यवेक्षक नियुक्त

सागर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा म.प्र. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 का आयोजन 8 अगस्त से 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला मुख्यालय के एक परीक्षा केन्द्र पर किया जा रहा है। आयोग ने परीक्षा की व्यवस्थाओं, प्रक्रियात्मक, निष्पक्षता एवं नागरिकों में उसके प्रति विश्वास बनाये रखने के लिए अनिल पारे से.नि. जिला न्यायाधीश को सागर संभाग के संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

जनसुनवाई में हुई 270 आवेदनों पर कार्रवाई

सागर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 270 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर प्रतिभा पाल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई की जाती है।

एक तरफ सोशल मीडिया पर प्राचीन धरोहर बचाने की गुहार, दूसरी ओर जर्जर कोर्ट गेट को गिराने की तैयारी में प्रशासन

सिरोंज का ऐतिहासिक कोर्ट गेट जर्जर, सुरक्षा के नाम पर रास्ता बंद, नागरिक बोलेः धरोहर बचाइए, केवल ताला मत लगाइए

चिंकारियां गिरने के बाद प्रशासन ने लगाया प्रतिबंध, व्यापारियों की रोजी-रोटी पर संकट, सोशल मीडिया पर उठी मरम्मत व संरक्षण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर की पहचान और ऐतिहासिक धरोहरों में शुमार वार्ड क्रमांक 5 स्थित प्राचीन कोर्ट गेट आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। वर्षों पुरानी इस ऐतिहासिक इमारत की जर्जर स्थिति अब लोगों के लिए खतरा बनने लगी है। बीते दिनों गेट के ऊपरी हिस्से से चिंकारियां (पत्थर व प्लास्टर) गिरने की घटना के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पूरे कोर्ट गेट को दोनों ओर से जाली लगाकर बंद कर दिया है। प्रशासन का यह कदम सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक माना जा रहा है, लेकिन शहरवासियों का कहना है कि केवल रास्ता बंद कर देना इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत और संरक्षण नहीं कराया गया तो नगर की यह ऐतिहासिक धरोहर हमेशा के लिए समाप्त हो सकती है।

नगर की प्राचीन धरोहर धीरे-धीरे हो रही समाप्त

कभी नगर की पहचान और गौरव का प्रतीक रही ऐतिहासिक धरोहरें आज उपेक्षा का शिकार होकर धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही हैं। वर्षों पुरानी इमारतें, ऐतिहासिक द्वार और विरासत से जुड़े कई निर्माण समय के साथ जर्जर हो चुके हैं, लेकिन इनके संरक्षण और मरम्मत की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है। यदि समय रहते इन धरोहरों की देखरेख और संरक्षण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियां केवल इनके इतिहास के बारे में पढ़ सकेंगी, वास्तविक स्वरूप देखने का अवसर उन्हें नहीं मिलेगा। ऐतिहासिक धरोहरें केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं होतीं, बल्कि वे नगर की सांस्कृतिक पहचान, गौरवशाली इतिहास और विरासत की जीवंत निशानी होती हैं।

दैनिक आय में आई भारी गिरावट

गेट बंद होने के बाद सबसे अधिक परेशानी उन छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को उठानी पड़ रही है, जिनकी दुकानें कोर्ट गेट के अंदर स्थित हैं। मुख्य मार्ग बंद होने से ग्राहकों का आवागमन लगभग पूरी तरह रुक गया है, जिससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ा है। दुकानदारों का कहना है कि पहले जहां पूरे दिन लोगों की आवाजाही रहती थी, वहीं अब गेट बंद होने के कारण पूरा क्षेत्र सुनसान नजर आने लगा है। इससे उनकी दैनिक आय में भारी गिरावट आई है और परिवार का भरण-पोषण भी प्रभावित हो रहा है।





नगरवासियों की प्रमुख मांगें

- ऐतिहासिक कोर्ट गेट की विशेषज्ञों से तत्काल जांच कराई जाए।
- पुरातत्व विभाग एवं संबंधित एजेंसियों के माध्यम से इसका स्थायी जीर्णोद्धार कराया जाए।
- मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कर धरोहर को संरक्षित किया जाए।
- व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए।
- नगर की ऐतिहासिक पहचान को बचाने के लिए दीर्घकालीन संरक्षण योजना तैयार की जाए।

व्यापारियों में बढ़ी चिंता

कोर्ट गेट के अंदर संचालित छोटे व्यवसायियों का कहना है कि गेट बंद होने के कारण ग्राहक उनके प्रतिष्ठानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। कई दुकानों पर दिनभर इक्का-दुक्का ग्राहक ही पहुंच रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन को सुरक्षा के साथ-साथ उनके रोजगार की भी चिंता करनी चाहिए और जल्द से जल्द ऐसा समाधान निकालना चाहिए जिससे मरम्मत कार्य भी हो तथा व्यापार भी प्रभावित न हो।

राजनीतिक मुद्दा बनने के आसार

नगर में कोर्ट गेट का मामला अब राजनीतिक रंग भी लेता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो आगामी चुनावों में यह बड़ा जनमुद्दा बन सकता है। वार्ड क्रमांक 5 से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे संभावित दावेदारों और विपक्षी दलों के लिए भी यह एक प्रमुख मुद्दा साबित हो सकता है। क्षेत्र के नागरिकों कि माने तो जनप्रतिनिधियों को अब केवल आश्वासन नहीं बल्कि धरातल पर काम कर इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाने की दिशा में पहल करनी चाहिए। सिरोंज का ऐतिहासिक कोर्ट गेट केवल एक प्रवेश द्वार नहीं, बल्कि नगर के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। ऐसे में शहरवासियों का मानना है कि इस धरोहर को बंद कर देना नहीं, बल्कि सुरक्षित रखकर उसका संरक्षण करना ही समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो सिरोंज अपनी एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पहचान खो सकता है।

केवल मरम्मत कराकर इसे सुरक्षित रखना संभव नहीं

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने बताया कि विगत दिनों एसडीएम महोदय के साथ ऐतिहासिक कोर्ट गेट का संयुक्त निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कोर्ट गेट पूरी तरह जर्जर हो चुका है और कभी भी गिर सकता है। इसकी वर्तमान स्थिति को देखते हुए केवल मरम्मत कराकर इसे सुरक्षित रखना संभव नहीं है। उक्त कोर्ट गेट राजस्व विभाग की संपत्ति है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसडीएम महोदय के निर्देशानुसार गेट से होकर गुजरने वाले मार्ग को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। आगे की कार्रवाई संबंधित विभाग द्वारा नियमानुसार की जाएगी।

प्रस्ताव को स्वाकृति मिलने के बाद गिराने की कार्रवाई की जाएगी

लोक निर्माण विभाग एसडीओ आर.पी. सिंह ने बताया कि नगर का ऐतिहासिक कोर्ट गेट राजस्व विभाग की संपत्ति है। पूर्व में यहां तहसील कार्यालय संचालित होता था, इसलिए यह भवन राजस्व विभाग के अधीन आता है। कोर्ट गेट की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसे ध्वस्त किए जाने के लिए कलेक्टर महोदय को प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद नियमानुसार कोर्ट गेट को गिराने की कार्रवाई की जाएगी। भवन को ध्वस्त करने के बाद उससे निकलने वाले पत्थर, लकड़ी तथा अन्य मलबे की नियमानुसार नीलामी की जाएगी।

गर्जर कोर्ट गेट को गिराने की तैयारी में प्रशासन

नगर की ऐतिहासिक पहचान माने जाने वाले प्राचीन कोर्ट गेट को लेकर इन दिनों सोशल मीडिया पर जनभावनाएं खुलकर सामने आ रही हैं। नगरवासी इस धरोहर के संरक्षण और जीर्णोद्धार कीमांग कर रहे हैं, वहीं प्रशासन इसकी जर्जर स्थिति को देखते हुए इसे ध्वस्त करने की तैयारी में जुटा है। ऐसे में नगर की ऐतिहासिक विरासत और आमजन की सुरक्षा के बीच संतुलन का प्रश्न खड़ा हो गया है। हाल ही में कोर्ट गेट का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासन ने एहतियातन इस मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर नागरिकों ने प्राचीन धरोहर को बचाने के लिए अभियान शुरू कर दिया। लोगों का कहना है कि यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि सिरोंज के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उनका मानना है कि इसे गिराने के बजाय पुरातत्व एवं संरचनात्मक विशेषज्ञों से परीक्षण कराकर संरक्षण और जीर्णोद्धार की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। नगरवासियों का कहना है कि यदि यह ऐतिहासिक धरोहर एक बार ध्वस्त हो गई तो इसे दोबारा उसी स्वरूप में वापस नहीं लाया जा सकेगा। उनका आग्रह है कि अंतिम निर्णय लेने से पहले विशेषज्ञों की राय ली जाए और यदि तकनीकी रूप से संभव हो तो धरोहर का संरक्षण किया जाए। फिलहाल एक ओर सोशल मीडिया पर धरोहर बचाने की आवाज बुलंद हो रही है, तो दूसरी ओर प्रशासन संभावित दुर्घटना से बचाव के लिए इसे हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि अंतिम निर्णय क्या होता है और क्या ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित रखने का कोई रास्ता निकाला जा सकेगा।

संरक्षण के अभाव में बढ़ रहा खतरा

स्थानीय नागरिकों के अनुसार लंबे समय से कोर्ट गेट की मरम्मत की मांग उठती रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा इस दिशा में ठोस पहल नहीं की गई। धीरे-धीरे गेट की दीवारें कमजोर होती चली गईं और अब स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि सुरक्षा कारणों से रास्ता ही बंद करना पड़ा। वही क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र ही विशेषज्ञों की टीम द्वारा निरीक्षण कर इसकी मरम्मत शुरू नहीं कराई गई तो भविष्य में बड़ा हादसा भी हो सकता है। इसलिए केवल आवागमन रोकने के बजाय वैज्ञानिक तरीके से संरचना को मजबूत किया जाना चाहिए।

सोशल मीडिया पर उठी आवाज

कोर्ट गेट बंद किए जाने के बाद शहर के नागरिकों ने सोशल मीडिया पर प्रशासन के इस निर्णय पर सवाल उठाते हुए स्थानीय विधायक, नगर पालिका प्रशासन एवं जिला प्रशासन से ऐतिहासिक धरोहर की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते पुरातत्व विभाग अथवा संबंधित एजेंसियों के माध्यम से इसका जीर्णोद्धार कराया जाता तो आज इस स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। नागरिकों का कहना है कि सिरोंज की ऐतिहासिक पहचान बने इस गेट को केवल बैरिकेडिंग जाली लगाकर बंद करना समाधान नहीं है। इसे संरक्षित कर सुरक्षित बनाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस धरोहर को देख सकें और शहर की ऐतिहासिक विरासत सुरक्षित रह सके।

सावन के पहले सोमवार पर बापौली धाम में रही भक्तों की भारी भीड़

ओम नमः शिवाय के जयकारों से गूंजे शिवालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

सावन का महीना भगवान शंकर को अति प्रिय है शिव की भक्ति आराधना अभिषेक पूजन के लिए नगर के सेवालयों के साथ क्षेत्र के सदियों पुराने शिव मंदिर बापौली धाम जमगढ़ भाग देवी के मंदिरों में सुबह से शिव भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। हर-हर महादेव ओम नमः शिवाय बम बम भोले की जयकारों से शिवालय घूजते रहे।

बारिश की प्रार्थना

सावन का महीना और बारिश न होने से क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति गर्मी का सामना कर रहा है। भगवान शंकर की कृपा आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ धार्मिक श्रद्धालु शिव भक्त जोरदार बारिश की प्रार्थना भी कर रहे हैं। बारिश की कामना प्रार्थना के लिए मंदिरों में भजन कीर्तन और अनुष्ठान भी हो रहे हैं।



शिवभक्ति में रमे श्रद्धालु

श्रावण माह में पढऩे वाले प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व होता है पहले सोमवार को भारी संख्या में शिव भक्त नर्मदा स्नान करने पहुंचे वहां से लाए गए नर्मदा जल से भगवान शंकर, शिवलिंगों का अभिषेक पूजन में विप्लवपत्र पुष्प अर्पित कर भोले शंकर की कृपा आशीर्वाद प्राप्त करने हजारों महिला पुरुष सक्रिय बने रहे सोमवार को नगर और ग्रामीण क्षेत्र का शिव भक्ति में माहौल बना रहा।

सामाजिक अधिकारिता शिविर में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय वयोश्री एवं एडीप योजना अंतर्गत महाकवि पद्माकर सभागार, मोतीनगर में आयोजित सामाजिक अधिकारिता शिविर में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने हेतु परीक्षण एवं पंजीयन किया गया। शिविर का आयोजन नगर पालिक निगम सागर द्वारा किया गया। शिविर में पहुंचे दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच के उपरांत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों की शारीरिक स्थिति एवं आवश्यकताओं का परीक्षण करने के पश्चात कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों के वितरण हेतु चिन्हांकन किया गया। कई हितग्राहियों के लिए मौके पर ही आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंगों का निर्माण भी किया गया। जिन हितग्राहियों को तत्काल उपकरण उपलब्ध कराना संभव नहीं हो सका, उनके लिए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की जानकारी दी गई। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने शिविर में पहुंचकर प्रत्येक स्टॉल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को पूरी संवेदनशीलता, सम्मान और आत्मीयता के साथ सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। महापौर ने हितग्राहियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कई हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी उनसे साझा किए। महापौर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आवश्यक सहायक सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। शिविर में सम्मिलित 530 हितग्राहियों का पंजीकरण किया गया।

जोरदार बारिश की कामना, हनुमान गढ़ी मंदिर में एक माह रुद्री निर्माण


सावन में अभिषेक पूजन का विशेष धार्मिक आयोजन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

क्षेत्र में बारिश की कमी के कारण निवासी और धान की खेती करने वाले हजारों किसान भारी चिंता ग्रस्त बने हुए हैं। नगर की शान हनुमानगढ़ी मंदिर में सावन की महीना में भगवान शंकर और इंद्रदेव को प्रसन्न करने जोरदार बारिश और सुख शांति की कामना हेतु सवा लाख रुद्री निर्माण अभिषेक पूजन का विशेष धार्मिक आयोजन शुरू हो गया है।

एक माह में सवा लाख रुद्री निर्माण

विदुआ परिवार द्वारा हनुमानगढ़ी मंदिर का राजस्थान के लाल पत्थरों से तीन मंजिला दिव्य भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर नगर की शान बना हुआ है प्रति शनिवार मंगलवार भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है सावन का महीना शिव



जी की आराधना अभिषेक पूजन के लिए महत्व रखता है। द्वारा क्षेत्र में अच्छी जोरदार बारिश की कामना प्रार्थना की जा रही है।

जोरदार बारिश से धान की खेती को लाभ होगा, नदी नालों में भरपूर पानी होगा और गिरा हुआ भू-जल स्तर ऊपर आने की स्थिति में हैंडपंपों की बैलों में पानी की कमी दूर होगी इसीलिए रुद्राभिषेक के द्वारा भगवान शंकर एवं इंद्रदेव को प्रसन्न करने सावन माह में धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है।

मेंढक मेंढकी विवाह

बारिश की कमी से धान की फैसले कमजोर और प्रभावित हो रही है किसान और ग्रामीण अच्छी बारिश के लिए पारंपरिक टोट्के मेडक मेडकी के विवाह भी कर रूठे इंद्रदेव को मनाने का और जोरदार बारिश की प्रार्थना कर रहे हैं।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री गजेन्द्र पुत्र श्री देवेन्द्र दांगी एवं श्रीमति मालती सूर्यवंशी पत्नि श्री भूपेन्द्र सूर्यवंशी दोनों निवासीगण ग्राम लालाखेडी तह० व जिला विदिशा से उनके स्वत्व व आधिपत्य की ग्राम लालाखेडी की भूमि खसरा नंबर 232/2 रकबा 1.045 हे0, खसरा नंबर 230/2 रकबा 0.167 हे0, खसरा नंबर 229 रकबा 0.491 हे0 एवं खसरा नंबर 228/2 रकबा 0.512 हे0 कुल नंबर 04 तथा कुल रकबा 2.212 हे0 भूमि को क्रय करने का लिखित अनुबंध किया है एवं उसके पालन में शीघ्र ही मेरे पक्षकार को उक्त भूमियों का विक्रय पत्र संपादित कराना है इसलिये किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक का उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का ऋण, कर्जा, अनुबंध या अन्य किसी भी प्रकार की कोई लिखा पढी हो तो वह इस प्रकाशन के 24 घंटे के अंदर मेरे समक्ष मय प्रमाण के प्रस्तुत करें एवं बाद अवधि किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जावेगी ।

भवदीय
एन.एन. दण्डोतिया, एडवोकेट
दण्डोतिया सदन सुभाष पथ विदिशा.म.प्र

पानी की कमी से खेतों में पड़ने लगी दरारें, धान की फसलों को नुकसान

10 दिनों में सिर्फ दो बार पड़ी बारिश की बौछारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

पिछले 10 दिनों में सिर्फ दो बार हल्की बारिश की बौछारें पढऩे से धान के खेतों में दरारें पढऩा शुरू हो गई है। बारिश की कमी धान की फसलों पर संकट और नुकसान का कारण बन रही है भूजल स्तर नीचे बना रहने से ट्यूबवेलों में बहुत कम पानी आने से धान की फसलों में किसान पानी की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं।

रूठा मानसून और बारिश सावन का महीना चल रहा है इससे पूर्व जून एवं जुलाई के महीनों में भी बहुत कम बारिश हुई थी किसान धान की रोपाई कर सकें इसलिए बारना बांध की नहरे में पानी छोडक़र मदद की गई क्षेत्र के हजारों किसानों ने इस उम्मीद के साथ धान की रोपाई की कि अभी नहीं तो आने वाले दिनों में भरपूर बारिश होगी।

धान की रोपाई यह 15 दिनों से अधिक समय बीत गया सिर्फ दो बार हल्की बारिश हुई धान की फसलों के लिए खेतों में पानी भरा रहना जरूरी होता है।



फसलें हो रही कमजोर बारिश न होने से सावन के महीने में भी सुखा जैसी स्थिति बन रही है गर्मी और धूप के कारण धान के खेतों में भरा पानी तेजी से सूख रहा है पानी की कमी और गर्मी के कारण धान की पौध ग्रोथ नहीं कर पा रही हैं। बिना बारिश समय निकलता जा रहा है और पौधों की उम्र भी बढ़ती जा रही है। यदि बारिश की इसी प्रकार स्थिति बनी रही तो क्षेत्र में बासमती धान के उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है। हजारों किसानों की धान की खेती में लगी लागत निकालना भी कठिन हो जाएगा।

पहले ही दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

भवानी चौक में शुरू हुई हरि चटक श्रीरामलीला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ दीवानगंज

सावन माह की धार्मिक आस्था के बीच मंगलवार रात भवानी चौक स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में पारंपरिक हरि चटक रामलीला का भव्य शुभारंभ हुआ। रात 8 बजे से शुरू हुए मंचन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का मंचन देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। पूरे मंदिर परिसर में जय श्रीराम के जयघोष, भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

रामलीला के मंचन के लिए प्रयागराज से आए श्री सीताराम धर्म विचारक मंडल के अनुभवी कलाकार आगामी दिनों में भगवान श्रीराम के जन्म, बाल लीलाओं, विश्वामित्र संग वनगमन, सीता स्वयंवर जैसे प्रमुख प्रसंगों का जीवंत मंचन करेंगे।



खबर संक्षेप

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

रायसेन। प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया। उन्होंने जनसुनवाई में आए आवेदकों से उनकी समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक चर्चा करते हुए निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर निराकरण हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर्स एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

अगस्त और सितंबर का एक साथ मिलेगा राशन

रायसेन। हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों से अगस्त एवं सितंबर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण 31 अगस्त तक किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि राशन सामग्री का शत प्रतिशत उठाव 15 अगस्त तक पूरा कर उचित मूल्य दुकानों में भंडारण सुनिश्चित किया जाए। अन्त्योदय अन्न योजना के हितग्राहियों को 35 किलो प्रति परिवार राशन (गेहूँ, चावल) एवं प्राथमिकता परिवार श्रेणी में आने वाले हितग्राहिओं को 5 किलो प्रति सदस्य राशन दिया जाता है। साथ ही दोनों श्रेणी के हितग्राहियों को एक किलो नमक प्रति परिवार दिया जाता है। पीओएस मशीन में अगस्त एवं सितंबर की राशन सामग्री को वितरित करते समय दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन कराया जाएगा।

जिले में अब तक 446.94 मिलीमीटर औसत बारिश

रायसेन। जिले में 1 जून से 4 अगस्त तक 446.94 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई तथा पिछले साल इसी समय में 1053.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अब तक जिले के वर्षामापी केंद्र रायसेन में 370 मिलीमीटर, गैरतगंज में 570, बेगमगंज में 542.5, सिलवानी में 361.6, बरेली में 382.8, उदयपुरा में 529, बाड़ी में 422, सुल्तानपुर में 457 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 383.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। साथ ही जिले में बीते 24 घंटे में 4 अगस्त को सुबह तक 4.57 मिलीमीटर बारिश दर्ज की।

मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान

दीवानगंज। मंगलवार को कस्बे के गोसाई मोहल्ला में सलामतपुर थाना प्रभारी श्याम राज सिंह एवं दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा के नेतृत्व में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को मानव तस्करी, अवैध गतिविधियों, जुआ, शराब एवं अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा अपराध रोकथाम में लोगों की भागीदारी बढ़ाना था। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि मानव तस्करी एक गंभीर अपराध है। किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे में आकर रोजगार, शादी या अन्य लालच में बच्चों और महिलाओं को कहीं भेजने से पहले जानकारी अवश्य लें।

पीयूसी के अनाधिकृत सेंटरों पर नहीं लग रही लगाम, जिम्मेदार भी मौन

बीमार वाहनों से पीयूसी प्रदर्शन और बिना जांच के जारी हो रहे प्रमाण पत्र

नागरिकों ने कहा - यातायात पुलिस, परिवहन विभाग जांच के दौरान पीयूसी सर्टिफिकेट की गहन जांच वाहनों का भौतिक सत्यापन करें तो बेहतर होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में प्रदूषण नियंत्रण के लिए संचालित किए जा रहे प्रदूषण जांच केंद्र (पीयूसी सेंटर) खुद सवालों के घेरे में हैं। वाहन मालिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कई स्थानों पर बिना वाहन की वास्तविक जांच किए ही प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसी) जारी किए जा रहे हैं। वहीं अनाधिकृत रूप से संचालित हो रहे कुछ पीयूसी सेंटरों पर भी प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस संबंध में जानकारों का कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र का उद्देश्य सड़कों पर चल रहे वाहनों से निकलने वाले धुएं और हानिकारक गैसों को नियंत्रित करना है। लेकिन जब बिना जांच के ही प्रमाण पत्र जारी होने लगें तो इसका सीधा असर पर्यावरण और लोगों के जन स्वास्थ्य पर पड़ता है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कई वाहन देखे जा सकते हैं जो अत्यधिक धुआं छोड़ रहे हैं। बावजूद इसके उनके पास वैध पीयूसी प्रमाणपत्र मौजूद हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ पीयूसी केंद्रों पर वाहन को मशीन से जोड़कर



निर्धारित मानकों के अनुसार जांच करने के बजाय केवल दस्तावेजों के आधार पर ही प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाते हैं। इससे प्रदूषण फैलाने वाले वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। कई वाहन चालक बताते हैं कि उनसे निर्धारित शुल्क लेकर कुछ ही मिनटों में प्रमाण पत्र दे दिया जाता है। जबकि वाहन की तकनीकी जांच सिर्फ कागजी खानापूर्ति के लिए नाममात्र की होती है।

मौके पर निरीक्षण करें तो कई गड़बड़ियां आ सकती सामने

जिला परिवहन विभाग के सूत्रों के अनुसार जिले में अधिकृत पीयूसी केंद्रों की नियमित निगरानी और औचक निरीक्षण की व्यवस्था है। लेकिन इसके बावजूद अनियमितताओं की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि यदि विभाग समय-समय पर मशीनों की जांच, रिकॉर्ड का सत्यापन और मौके पर निरीक्षण करे तो कई गड़बड़ियां सामने आ सकती हैं।

अत्यधिक धुआं छोड़ने वाले वाहन फैला रहे वायु प्रदूषण

विशेषज्ञों के अनुसार खराब इंजन वाले और अत्यधिक धुआं छोड़ने वाले वाहन वायु प्रदूषण बढ़ाने के प्रमुख कारण हैं। ऐसे वाहनों की सही जांच नहीं होने से शहर की वायु गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। बढ़ता प्रदूषण श्वसन संबंधी बीमारियों, एलर्जी, खांसी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को भी बढ़ावा दे सकता है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो प्रदूषण नियंत्रण की पूरी प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी। लोगों ने कलेक्टर और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जिम्मेदारों को उठाने होंगे ये कदम...

- जिले के सभी पीयूसी केंद्रों का विशेष ऑडिट कराया जाए।
- बिना जांच प्रमाण पत्र जारी करने वालों के लाइसेंस निलंबित किए जाएं।
- अनाधिकृत पीयूसी सेंटरों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई हो।
- जांच मशीनों की कैलिब्रेशन व तकनीकी गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए।
- जिला परिवहन विभाग और प्रशासन संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण करें।
- ऑनलाइन निगरानी प्रणाली को प्रभावी बनाकर जांच का डिजिटल रिकॉर्ड रखें।
- बगैर जांच के पीयूसी सर्टिफिकेट जारी करने वालों के लाइसेंस निरस्त किए जाए

इनका कहना है

यदि ऐसा है तो पीयूसी वाहन संचालकों को निर्देशित किया जाएगा कि सर्टिफिकेट तमाम जांच के बाद ही जारी किए जाएं। सड़कों पर काला धुंआ वाले वाहन द्वारा प्रदूषण फैलाना गलत है। इस घोर लापरवाही को अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
- **नीतेश कुमार तिवारी,** प्रभारी आरटीओ रायसेन।

गैरतगंज में महीनेभर से स्थाई जपं सीईओ नहीं, रुकी योजनाएं

अब एसडीएम के भरोसे ही चल रही जनपद



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

जनपद पंचायत गैरतगंज में पिछले करीब एक माह से स्थायी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के बिना संचालित हो रही है। वर्तमान में उपखंड अधिकारी (एसडीएम) हर्षल चौधरी को जनपद सीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। हालांकि एसडीएम श्री चौधरी पर पहले से राजस्व, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक जिम्मेदारियों का दबाव होने के कारण जनपद पंचायत के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की गति प्रभावित होने लगी है। इसका सीधा असर ग्रामीणों और हितग्राहियों पर पड़ रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व सीईओ पूजा जैन का स्थानांतरण सांची जनपद पंचायत में हो चुका है और उन्होंने वहां कार्यभार भी संभाल लिया है। शासन प्रशासन ने उनके स्थान पर पूनम दुबे की पदस्थापना गैरतगंज के लिए की है।लेकिन रीवा जिले से अभी तक उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया है। इसी कारण वे गैरतगंज में पदभार ग्रहण नहीं कर सकी हैं। दो जिलों के बीच प्रशासनिक समन्वय की कमी का खामियाजा अब जनपद पंचायत और क्षेत्र के ग्रामीण भुगत रहे हैं।

हितग्राहियों को लगाने पड़ रहे दफ्तर के कई चक्कर

वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन सहित अन्य शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को बार-बार जनपद कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई मामलों में समय पर निर्णय नहीं होने से लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है।

गैरतगंज में सीईओ के अभाव में पीएम आवास योजना, मनरेगा, पेंशन, लाड़ली बहना योजना सहित अन्य विकास कार्यों की फाइलों के निस्तारण की गति धीमी पड़ गई है। निर्माण कार्यों के मूल्यांकन, ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की स्वीकृति तथा भुगतान संबंधी प्रक्रियाओं में भी विलंब हो रहा है।

इनका कहना है

जनपद पंचायत गैरतगंज में सीईओ का रिक्त पद जल्द ही भरा जाएगा। हालांकि यहां सीईओ पूनम दुबे को ज्वाइन करना है। रीवा से रिलीव होकर वे जल्द ही नौकरी ज्वाइन कर लेंगी। तब जल्द ही जनपद पंचायत गैरतगंज की विकास कार्य व्यवस्था पटरी पर आ जाएगी।
- **कमल सोलंकी,** सीईओ, जिला पंचायत रायसेन।

ग्रामीण बोले- जल्द मिले पूर्णकालिक सीईओ

ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि वह रीवा प्रशासन से समंवय कर पूनम दुबे को शीघ्र कार्यमुक्त कराया जाए, ताकि वे गैरतगंज जनपद का कार्यभार संभाल सकें। जल्द स्थायी सीईओ की पदस्थापना नहीं हुई तो विकास कार्य और अधिक प्रभावित होंगे तथा ग्रामीणों को मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

5 दिन से बिजला कटौती, बारिश की कमी से धान की फसल पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से जारी अघोषित बिजली कटौती ने किसानों और ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में सामान्य से कम बारिश होने के कारण किसान धान की फसल बचाने के लिए ट्यूबवेल से सिंचाई करने को मजबूर हैं, लेकिन पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से फसल सूखने का



खतरा बढ़ गया है। क्षेत्र के दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में बिजली की लगातार ट्रिपिंग और अघोषित कटौती से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे बिजली मिलनी चाहिए, लेकिन अधिकांश गांवों में केवल 6 से 8 घंटे ही आपूर्ति हो रही है। वह भी लगातार नहीं मिलती, जिससे किसान सिंचाई की योजना नहीं बना पा रहे हैं।

धान की फसल पर बढ़ा संकट

इस वर्ष क्षेत्र में अपेक्षित बारिश नहीं होने से खेतों में नमी लगातार कम हो रही है। किसान पूरी तरह बिजली आधारित सिंचाई पर निर्भर हैं। यदि अगले कुछ दिनों तक पर्याप्त बिजली और बारिश नहीं मिली तो धान की फसल को भारी नुकसान होने की आशंका है।

पटवारियों ने बस्ते जमा कर शुरू कर दी अनिश्चितकालीन हड़ताल

हड़ताल से रायसेन तहसील के 97 राजस्व हल्कों में काम ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर रायसेन जिले के सभी पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल के पहले पटवारियों ने तहसील मुख्यालयों में अपने बस्ते और शासकीय अभिलेख जमा कर दिए, फिर धरना-प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिले के 550 से अधिक पटवारी राजस्व हल्कों में काम पूरी तरह ठप होने से सबसे ज्यादा असर किसानों और आम लोगों पर पड़ा है।

हड़ताल के कारण ई-केवाईसी, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा, फसल गिरदावरी और राजस्व अभिलेखों से जुड़े सभी काम रुक गए हैं। खरीफ सीजन के बीच किसानों को जरूरी दस्तावेज



न मिलने से परेशानी बढ़ने लगी है।

जिले की सभी तहसीलों में एक साथ प्रदर्शन

जिला मुख्यालय सहित सभी दस तहसीलों में पटवारियों ने अपनी पदोन्नति सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। पटवारी संघ तहसील इकाई रायसेन अध्यक्ष गोविंद चौधरी का कहना है कि सरकार ने लंबे समय से मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया, इसलिए मजबूर होकर काम बंद करना पड़ा।

रायसेन , सुल्तानपुर गौहरगंज बाड़ी बरेली गैरतगंज बेगमगंज सिलवानी समेत अन्य तहसील मुख्यालयों पर पटवारी संघ के पदाधिकारियों के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया गया।

नगर विकास समिति ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन


सीएम राइज स्कूल की नवनिर्मित बिल्डिंग में कक्षाएं जल्द शुरू कराने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर विकास समिति के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर एसडीएम के नाम तहसीलदार को आवेदन सौंपते हुए सीएम राइज स्कूल के नवनिर्मित भवन को शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की। समिति ने कहा कि वर्तमान में संचालित स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि उपलब्ध कक्ष और फर्नीचर उनकी आवश्यकता के अनुरूप नहीं हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि कई कक्षाओं में 100 से 150 छात्र.छात्राएं एक साथ बैठकर अध्ययन करने को मजबूर हैं। पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं होने से शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है और विद्यार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा

कक्षाओं और फर्नीचर की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित



है। इसके अलावा स्कूल में फर्नीचर की भी भारी कमी है, जिसके कारण अनेक विद्यार्थियों को बैठने में परेशानी होती है।

नगर विकास समिति ने आवेदन में उल्लेख किया कि सीएम राइज स्कूल के नए भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। ऐसे में विद्यार्थियों के हित को देखते हुए नई बिल्डिंग में जल्द से जल्द कक्षाएं प्रारंभ कराई जाएं, ताकि उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

समिति ने प्रशासन से नए भवन में आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध कराने की भी मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते नई बिल्डिंग शुरू होने से सैकड़ों छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी, पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार होगा और उनके उज्ज्वल भविष्य को नई दिशा मिलेगी। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से इस विषय में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया।

इस मौके पर समिति संचालक विनय जैन, प्रदीप रघुवंशी, जितेंद्र नामदेव, दीपक, गोविंद, भवानी प्रसाद, निर्मल ठाकुर, अमित ठाकुर, कमलेश नामदेव, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।

